प्रादेशिक समाचार
दिनांक–24.07.2024 (दोपहर–1455 बजे)

दक्षिण अफ्रिका के कैमरून में फंसे गिरिडीह, बोकारो और हजारीबाग जिलों के 27 प्रवासी श्रमिकों की सकुशल वतन वापसी हो गयी है। मुम्बई मेल से आज पारसनाथ रेलवे स्टेशन पहुंचे सभी मजदूरों का राज्य सरकार की मंत्री बेबी देवी, विधायक सुदीप्य कुमार, श्रम विभाग के सचिव मुकेश कुमार समेत अन्य अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान मजदूरों को 25–25 हजार रुपये की सहायता राशि भी दी गयी। मजदूरों ने सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है।

****

राष्ट्रीय जांच एजेंसी –एनआईए ने 15 लाख के ईनामी नक्सली कमांडर रविंद्र गंझू के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। रविंद्र गंझू को समर्थन देने वाले और उसकी काली कमाई का निवेश करने वाले लोगों के ठिकानों पर एनआईए ने आज सुबह से छापेमारी शुरू की है। एनआईए सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रांची के मैक्लुस्कीगंज और लातेहार बार्डर पर स्थित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

****

राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गढ़वा जिले में नवनियुक्त 13 प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारियों के बीच नियुक्ति पत्रों का वितरण किया। इस दौरान मंत्री ने सदर प्रखंड स्थित अन्नराज डैम पर जल क्रीड़ा एवं साहिसक क्रीड़ा कार्य का उद्घाटन भी किया। मौके पर उन्होंने कहा कि पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

****

झामुमो विधायक लोबिन हेंब्रम और बीजेपी विधायक जेपी पटेल के दल बदल मामले की सुनवाई स्पीकर रवींद्रनाथ महतो के न्यायाधिकरण में पूरी हो गई। स्पीकर ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। स्पीकर ने दोनों विधायकों के मामले में वादी और प्रतिवादी को कलल दोपहर 12 बजे तक लिखित जवाब मांगा है।

****

रामगढ़ जिले के चितरपुर स्थित सीसीएल क्लब में कांग्रेस पार्टी द्वारा एक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मंत्री बन्ना गुप्ता, इरफान अंसारी, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुए। इस मौके पर कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने दावा किया कि झारखंड विधानसभा चुनाव के नतीजे केन्द्र सरकार को भी प्रभावित करेंगे।

****

'उत्कृष्टता की ओर बढ़ते कदम' के लिए मेदिनीनगर नगर निगम दूसरे स्थान पर रहा है और इसके लिए दिल्ली में नगर आयुक्त को अवार्ड भी मिला है। इस उपलब्धि पर निगम कार्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान नगर आयुक्त मोहम्मद जावेद हुसैन को निगम के पदाधिकारियों ने सम्मानित किया। मौके पर उन्होंने आगे भी बेहतर कार्य करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहरायी। इस दौरान उन्होंने सहयोग करने वाले कर्मियों को अपनी ओर से सम्मानित किया।

****

साइबर अपराध के विरुद्ध चलाए जा रहे हैं अभियान में जामताड़ा पुलिस को एक और सफलता मिली है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने जामताड़ा थाना अंतर्गत पाकडीह गांव से तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। एसडीपीओ अब्दुल रहमान ने बताया कि साइबर अपराधियों के पास से 17 मोबाइल, 23 सिमकार्ड समेत कई आपत्तिजनक चीजें बरामद की गयी हैं।

****

पाकुड़ जिले में स्कूल रुआर अभियान सफलता पूर्वक चल रहा है।

****

रामगढ़ जिले की पुलिस ने दो करोड़ रुपए की गांजा जब्त की है। जिले के पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने बताया कि इस सिलसिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया गया है। उन्होंने कहा कि इससे जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

****

साहिबगंज के गंगा नदी में कुछ दिनों पूर्व एक घड़ियाल देखे जाने की सूचना के बाद डीएफओ प्रबल गर्ग ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि घडियाल इंसान पर हमला नहीं करता, इसलिए लोगों को घबराने की जरुरत नहीं है।

****

झारखंड मंत्रिपरिषद् की बैठक आज होगी। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन करेंगे। बैठक शाम चार बजे से झारखंड मंत्रालय स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी।

*******समाप्त********